नव वर्ष में शुभकामना की गिफ्ट दो - दादी जानकी

आबू रोड। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी का जन्मदिन बहुत ही उमंग-उत्साह से बनाया गया। वे 2015 में 99 वर्ष की हो गई। उम्र के इस पड़ाव में भी उनमें वही जोश देखने को मिलता है जो आज के युवाओं में है। दादी जानकी युवाओं की प्रेरणास्रोत रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि हम अहंकार और अभिमान को छोड़ दें तो मानव जीवन सुखी हो जाएगा। हमें नव वर्ष में सभी को शुभभावना और शुभकामना की गिफ्ट देनी चाहिए। जीवन में यदि सदा सच्चाई और सफाई है तो व्यक्ति सदैव आगे बढ़ता है और उसे भगवान का भी आर्शीवाद मिलता है।

संस्था के महासचिव बीके निर्वैर ने दादी जी के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि दादीजी ने बहनों और माताओं को प्रेरणा देकर उनका जीवन इस योग्य बनाया है कि आज वे अपने सादगी भरे जीवन से सभी को प्रेरणा दे रही हैं। दादीजी ने 20 वर्ष की उम्र से ही अपना जीवन आदर्श जीवन बनाया है।

संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके रमेश, मल्टी मीडिया के चीफ बीके करूणा, ज्ञानामृत के संपादक बीके आत्मप्रकाश, युरोप में सेवाकेंद्रों की संचालिका बीके जयंति, अभियंता प्रभाग के बीके भरत ने अपनी शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि दादी का जीवन ही हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। दादीजी के जीवन में सदा सच्चाई, सफाई और सादगी देखने को मिलता है जिससे दादी ने सारे विश्व के लोगों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर ब्राजील की सिस्टर जोशी ने हिन्दी में गीत गाकर सभी का मोह लिया। वहीं मॉरीशस की कुमारी रंगीलों ने राजस्थानी गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देकर दादी के लंबी उम्र की कामना की।

दादीजी के जन्मदिन के अवसर पर संस्था में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए संस्था की तरफ से कंबल का वितरण किया गया।